मध्यप्रदेश शासन
गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय

कमांक 3702 / 2959/2009/दो–ए (3) भोपाल,दिनांक 31/12/2009

प्रति,

1. समस्त संभागायुक्त,
(मध्य प्रदेश),
2. समस्त जिलाध्यक्ष,
(मध्य प्रदेश)

विषय– देशहित में शहीद सैनिकों के अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होने बाबत।

– 0 –

सशस्त्र सैनिक जो दिन/रात भारतीय सीमाओं में चौकसी पर तैनात रह कर भारत की आन बान की रक्षा मुस्तैदी से करते है तथा जिनकी निःस्वार्थ सेवा की वजह से ही हम सुरक्षित एवं संरक्षित का भाव महसूस करते है। ऐसे जॉबाज सैनिकों पर हम सभी भारतीयों को गर्व है। आज सशस्त्र सैनिक न सिर्फ युद्व क्षेत्र में रहकर अपनी कौशलता का जौहर दिखाते है बल्कि आंतरिक सुरक्षा में भी आतंकवादियों से लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं में जैसे भूकंप,बाढ या अन्य कोई विपत्ति या संकट के समय सशस्त्र सैनिक अपनी जान जोखिम में डालकर भी अपने कर्तव्य का पूरा निर्वहन करते है। यह आप सभी को भली भांती विदित है।

2. अतः ऐसे शहीद सैनिकों की असामयिक मृत्यु पर उनके गृह नगर/ग्राम में संबंधित जिलाध्यक्ष या उनकी ओर से नामांकित जिम्मेदार अधिकारी मध्य प्रदेश शासन के प्रतिनिधि के रूप में अंतिम संस्कार समारोह में अवश्य शामिल हों व दिवंगत सैनिक के परिजनों से मिल कर उन्हें इस दुख की घड़ी में सांत्वना व ढ़ाढ़स दिलाऐं।

3. उपरोक्त आदेश के पूर्णतःपालन की अपेक्षा की जाती है।

30/12

(व्ही0के0वाधवानी)
अवर सचिव
म0प्र0शासन गृह विभाग

पृ0क0 3703/2959/2009/दो–ए (3) भोपाल,दिनांक 31–12/2009

प्रतिलिपि–

1. सचिव, भारत सरकार,रक्षा मंत्रालय,नई दिल्ली,
2. प्रमुख सचिव, म0प्र0,शासन,सा0प्र0विभाग,मंत्रालय,भोपाल,
3. पुलिस महानिदेशक,म0प्र0,भोपाल,
4. समस्त पुलिस महानिरीक्षक,म0प्र0,भोपाल,
5. समस्त पुलिस अधीक्षक,म0प्र0,भोपाल,
6. संचालक, सैनिक कल्याण संचालनालय,भोपाल,

की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

30/12

अवर सचिव,
म0प्र0शासन,गृह विभाग